# पहले टेस्ट में दक्षिण अफ्रीका की पारी और 32 रनों से जीत

**सेंचुरियन ( एजेंसी )। नांद्रे बर्गर, मार्को यानसन और कगिसो रबाडा की शानदार गेंदबाजी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले टेस्ट मैच में भारत को गुरुवार को पारी और 32रनों से हरा दिया है। दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में भारतीय टीम को तीसरे ही दिन पारी और 32 रनों की हार का सामना करना पड़ा। बारिश कारण पहले दो दिन करीब 134 ओवर का ही खेल हो पाया।**



दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी में 408 रनों का स्कोर खड़ा करते हुए 163 रनों की बढ़त बनाई थी। इसके जवाब में भारतीय टीम दूसरी पारी सिर्फ 131 रनों पर सिमट गई। इसी के साथ ही दक्षिण अफ्रीका ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका से पहली पारी में 185 रन बनाने वाले डीन एल्गर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। वह अपने करियर की आखिरी टेस्ट श्रृंखला में खेल रहे हैं। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने पहली पारी में पांच और दूसरी पारी में तीन विकेट लिए। नांद्रे बर्गर को पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में चार बल्लेबाजों को आउट किया। भारत की दूसरी पारी में विराट कोहली 76 रन और शुभमन गिल 26 रन के अलावा कोई भी बल्लेबाज दहाई अंक तक नहीं पहुंच सका। चार बल्लेबाज शून्य पर आउट हुये। इससे पहले डीन एल्गर 185 रन शतकीय, मार्को यानसन 84 रनों और डेविड बेडिंघम 56 रनों की अर्द्धशतकीय पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले में तीसरे दिन मैच 408 रनों का विशाल स्कोर खड़ा करते हुए 163 रन की बढ़त बना ली है। दक्षिण अफ्रीका ने कल खराब रोशनी के कारण अंपायर्स ने दूसरे दिन के खेल रोके जाने के समय पांच विकेट पर 256 के स्कोर के आगे खेलना शुरु किया। तीसरे दिन भारत को पहली सफलता 95वें ओवर में शार्दुल ने डीन एल्गर को 185 रनों के स्कोर पर के एल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर दिलाई। इसके बाद अश्विन ने गेराल्ड कोएत्जी 19 रन को पवेलियन भेज दिया। जसप्रीत बुमराह ने लंच के बाद कगिसो रबाडा और नांद्रे बर्गर का विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी को नौ विकेट पर 408 रनों के स्कोर पर समेट दिया। कप्तान टेम्बा बावुमा बल्लेबाजी करने नहीं आए। मार्को यानसेन 84 रन बनाकर नाबाद रहे। जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट झटके। मोहम्मद सिराज को दो विकेट मिले। वहीं शार्दुल ठाकुर, अश्विन और प्रसिद्ध कृष्णा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले विकेटकीपर बल्लेबाज के एल राहुल की 101 रनों की शतकीय पारी की बदौलत भारत दक्षिण के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मुकाबले के दूसरे दिन 245 रनों का सम्मानजक स्कोर खड़ा कर सका है। भारत ने आज कल के आठ विकेट पर 208 रनों के स्कोर आगे खेलना शुरु किया। कोएत्जी ने सुबह के सत्र में मोहम्मद सिराज पांच रन को वेरेन के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेजकर भारत को नौवां झटका दिया। इसके बाद राहुल ने कोएत्जी की गेंद पर छक्का लगाकर अपना आठवां टेस्ट शतक पूरा किया। 68वें ओवर में बर्गर ने के एल राहुल को 101 रन पर बोल्ड कर भारत की पहली पारी को 245 रनों के स्कोर पर समेट दिया। इससे पहले कल सुपरस्पोर्ट पार्क में दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और कगिसो रबाडा कहर ने दिन का खेल समाप्त होने तक भारतीय बल्लेबाजों को चैन नहीं लेने दिया। भारत को पहला झटका पांचवें ओवर में कप्तान रोहित शर्मा पांच रन के रूप में लगा। इसके 10वें ओवर में यशस्वी जायसवाल 17 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। नंद्रे बर्गर की गेंद पर कायेल वेरेयेन ने उनका कैच लपका। बर्गर का पदार्पण टेस्ट में यह पहला विकेट था। शुभमन गिल आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज थे। उन्होंने 12 गेंद पर दो रन बनाए। भारत को लंच के बाद चौथा झटका लगा। कगिसो रबाडा ने 27वें ओवर की आखिरी गेंद पर श्रेयस अय्यर को 31 रन पर बोल्ड कर दिया। उनके बाद रविचंद्रन अश्विन आठ रन पर आउट हुए। दक्षिण अफ्रीका की ओर से कगिसो रबाडा ने 2 विकेट लिये। नांद्रे बर्गर को 4 विकेट मिले तथा मार्को यानसन ने 3 बल्लेबाज को आउट किया।

### स्कोर बोर्ड

**भारत ( पहली पारी ) : 245 रन, दक्षिण अफ्रीका ( पहली पारी ):** 5 विकेट पर 256 रन से आगे- एल्गर कै. राहुल बो.शार्दुल 185, यानसन (नाबाद) 84, कोएत्जे कै. सिराज बो. अश्विन19, रबाडा बो. बुमराह 1, बर्गर बो. बुमराह 0, बवूमा **( अनुपस्थित हर्ट ), अतिरिक्त** 24,**कुल** ( 108.4 ओवर में ) 408 रन । **विकेट पतन:** 1-11, 2-104, 3-113, 4-244, 5-249, 6-360, 7-391, 8-392, 9-408 । **गेंदबाजी:** बुमराह 26.4-5-69-4, सिराज 24-1-91-2, शार्दुल 19-2-101-1, कृष्णा 20-2-93-1, अश्विन 19-6-41-1।

**भारत ( दूसरी पारी ) :** जायसवाल कै. वेरेन बो. बर्गर 5, रोहित बो. रबाडा 0, गिल बो. यानसन 26, कोहली कै. रबाडा बो. यानसन 76, अय्यर बो. यानसन 6, राहुल कै. मार्करम बो. बर्गर 4, अश्विन कै. बेडिंघम बो. बर्गर 0, शार्दुल कै. बेडिंघम बो. रबाडा 2, बुमराह रन आउट 0, सिराज कै. वेरेन बो. बर्गर 4, कृष्णा (नाबाद) 0, **अतिरिक्त** 8, **कुल** (34.1ओवर में) **विकेट पतन:** 1-5, 2-13, 3-52, 4-72, 5-96, 6-96, 7-105, 8-113, 9-121,10-131। **गेंदबाजी:** रबाडा 12-3-32-2, बर्गर 10-3-33-4, यानसन 7.1-1-36-3, कोएत्जे 5-0-28-0 ।

**शतक से चूके मार्श और स्मिथ के अर्द्धशतकों से...**

# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान पर दूसरे टेस्ट में बनाई 241 रन की बढ़त



**मेलबर्न ( एजेंसी )।** मिचेल मार्श 96 रन और स्टीव स्मिथ 50 रनों की अर्द्धशतकीय पारी की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में छह विकेट पर 187 रन बना लिये है और इसके साथ ही उसकी बढ़त 241 रनों की हो गई है। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी की शुरुआत खराब रही और उसने एक समय 16 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। उस्मान ख्वाजा और ट्रेविस हेड शून्य पर आउट हुये। डेविड वॉर्नर छह रन और मार्नस लाबुशेन चार रन बनाकर पवेलियन लौट गये। इसके बाद स्टीव स्मिथ और मिचेल मार्श ने पारी को संभालते हुए पांचवें विकेट के लिए 153 रन की साझेदारी की। मार्श ने टेस्ट करियर का सातवां अर्द्धशतक लगाया। वह शतक से चूक गए वह 130 गेंद पर 13 चौके की मदद से 96 रन बनाकर आउट हुए। वहीं स्टीव स्मिथ 176 गेंद में तीन चौके की मदद से 50 रन बनाकर आउट हुये। उनके आउट होते ही दिन का खेल समाप्त करने की घोषणा की उस समय ऑस्ट्रेलिया का स्कोर छह विकेट पर 187 रन था और उसने 241 रनों की बढ़त बना ली थी। एलेक्स कैरी 16 रन बनाकर क्रीज हैं । चाय के बाद स्टीव स्मिथ और मिचेल मार्श के बीच 153 रनों की साझेदारी को मीर हमजा ने तोड़ा और मार्श अपने शतक के नजदीक जाकर 96 रन बनाकर आउट हो गए। स्मिथ अर्द्धशतक जड़ने में कामयाब रहे लेकिन दिन के आखिरी ओवर में 50 के निजी स्कोर पर आउट हो गए। पाकिस्तान के लिए शाहीन शाह अफरीदी और मीर हमजा ने तीन-तीन विकेट लिए। तीसरे दिन सुबह के सत्र में पाकिस्तान को 264 रनों पर समेटते हुए 54 रनों की बढ़त ले ली है। आज सुबह कमिंस ने मोहम्मद रिजवान 42 रन को वॉर्नर के हाथों कैच आउट कराकर पाकिस्तान को सातवां झटका दिया। इसके बाद लायन ने शाहीन शाह अफरीदी 21 रन को पगबाधा आउट कर पवेलियन भेज दिया। हसन अली दो रन, मीर हमजा दो रन बनाकर आउट हुये। दोनों ही विकेट कमिंस और लायन ने लिये। इसके साथ ऑस्ट्रेलिया ने 73.5 ओवर में पाकिस्तान को 264 के स्कोर पर समेट दिया। इसी के साथ पहली पारी के बाद मेजबान आस्ट्रेलिया को 54 रनों की बढ़त मिल गई । ऑस्ट्रेलिया की ओर से कमिंस ने पांच विकेट लिये और लायन ने चार बल्लेबाजों को आउट किया। वहीं जोश हेजलवुड को एक विकेट मिला। पाकिस्तान के दो बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक 62 रन और कप्तान शान मसूद 54 रन के अलावा कोई बल्लेबाज नहीं चल पाया, पांच बल्लेबाज तो दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाया।

## टी-20 विश्व कप से पहले विंडीज दौरा चूक जाएंगे वॉर्नर

**मेलबर्न ( एजेंसी )।** पाकिस्तान के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेल रहे डेविड वॉर्नर आगामी विंडीज दौरे पर नहीं जाएंगे। अपनी आखिरी टेस्ट सीरीज खेल रहे वॉर्नर पहले टेस्ट में शानदार शतक लगाकर पहले ही लाइमलाइट ले चुके हैं, लेकिन इसी बीच उनके विंडीज दौरे पर अनुउपलब्ध होने की बात सामने आ गई। बताया जा रहा है कि वॉर्नर की आईएलटी-20 में दुबई कैपिटल्स के साथ ड्यूटी है। यह टूर्नामेंट 20 जनवरी से 18 फरवरी तक होना है। ऐसे में वार्नर 2 से 13 फरवरी के बीच होने वाली तीन वनडे और तीन टी-20 मैचों के सीरीज में हिस्सा नहीं लेंगे। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन के सीईओ को उम्मीद है कि वार्नर आईएलटी-20 में खेलने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) के लिए आवेदन करेंगे। जब ग्रीनबर्ग से पूछा गया कि क्या वार्नर शायद कुछ घरेलू क्रिकेट मिस करेंगे तो उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि इसका संक्षिप्त जवाब शायद हां है। मुझे पता है कि वह बीबीएल के लिए काफी प्रतिबद्ध है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि वह यहां वो चीज दिखेगा जिसमें उनके पास अच्छा रिटर्न आए। इसमें कुछ गलत भी नहीं है। कुछ लोगों को यह पसंद नहीं आएगा, लेकिन यह आधुनिक दुनिया है जिसमें हम रह रहे हैं और हमें इसे अपनाना होगा। हालांकि, क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ताओं ने लंबे समय से योजना बनाई थी कि वार्नर और अन्य वरिष्ठ खिलाड़ी वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रृंखला नहीं खेलेंगे।

## खास-खबरें

### ऑस्ट्रेलिया-पाक टेस्ट के तीसरे अंपायर इलिंगवर्थ लिफ्ट में फंसे

**मेलबर्न ( एजेंसी )।** ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान टेस्ट के दौरान अजीब परिस्थितियों में उस समय खेल में व्यवधान देखा गया जब तीसरे अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ लंच के बाद लिफ्ट में फंस गए। यह वाक्या गुरुवार को उस समय हुआ जब लंच ब्रेक के बाद खिलाड़ी दूसरे सत्र की शुरुआत के लिए निर्धारित समय 1.25 बजे मैदान पर लौट आए। लेकिन दोनों मैदानी अंपायरों ने गेंद फेंकने की अनुमति नहीं दी क्योंकि इलिंगवर्थ ग्रैंडस्टैंड अपनी सीट पर नहीं पहुंच पाये थे। पता चला कि वे लिफ्ट में फंसे हुए है।

### पंत से ठगी करने वाला खिलाड़ी गिरफ्तार,ठगे थे करोड़ों रुपए



**मुंबई ( एजेंसी )।** दिल्ली कैपिटल के कप्तान ऋषभ पंत को अंडर-19 क्रिकेटर मृणांक सिंह द्वारा 1.63 करोड़ रुपये का धोखा दिया गया। दरअसल, अपने प्रबंधन पुनीत सोलंकी के साथ पंत ने पिचले साल फरवरी में एक चेक बाउंस के बाद उन्हें दुखी करने के लिए मृणांक सिंह नाम के हरियाणा के क्रिकेटर के खिलाफ पुलिस ने शिकायत दर्ज कराई थी। इस महीने की शुरुआत में मुंबई पुलिस द्वारा मृनक को 6 लाख रुपये के एक बिजनेसमैन को धोखा देने के लिए गिरफ्तार किया गया था। दिल्ली में साकेत अदालत ने मुंबई में आर्थर रोड जेल को एक नोटिस जारी किया, जहां मृणांक को भेजा गया था।

### संन्यास का कोई इरादा नहीं :जोकोविच



**रियाद ( एजेंसी )।** 24 ग्रैंड स्लेम जीतने वाले सर्बिया के नोवाक जोकोविच की उम्र भले ही 36 साल हो गई, लेकिन उनका संन्यास लेने का कोई इरादा नहीं है। स्पेन के कार्लोस अल्कारेज के साथ एक प्रदर्शनी मैच खेलने आए जोकोविच ने साफ कर दिया कि उनका इरादा 40 साल से ज्यादा उम्र तक खेलते रहना है। नोवाक अमरीकी फुटबॉलर टॉम ब्रैडी को आदर्श मानते हैं, जिन्होंने 45 की उम्र में संन्यास लिया था। नोवाक ने कहा, उम्मीद है कि मेरा करियर 40 साल या उससे भी आगे हो सकता है। मैं फिट हूं और फॉर्म में भी चल रहा हूं। 2023 मेरे सबसे अच्छे सीजन में से एक था और जब आप अच्छा खेल रहे हों तो रुकना क्यों?

## भारतीय महिला टीम ने छह विकेट से गंवाया पहला वनडे



**मुंबई ( एजेंसी )।** आस्ट्रेलिया ने 3 बल्लेबाजों की अर्द्धशतकीय पारियों की मदद से गुरुवार को यहां 3 मैच की महिला एक दिवसीय क्रिकेट श्रृंखला के पहले मुकाबले में भारत को 21 गेंद रहते 6 विकेट से शिकस्त दी। भारतीय टीम ने जेमिमा रोड्रिग्स के 82 रन और पूजा वस्त्राकर के नाबाद 62 रन की बदौलत 8 विकेट पर 282 रन का स्कोर खड़ा किया। यह आस्ट्रेलिया के खिलाफ खिलाफ भारत का सर्वोच्च वनडे स्कोर भी था। आस्ट्रेलिया ने फोबे लिचफील्ड (78 रन), एलिसे पैरी (75 रन) और तहलिया मैकग्रा (नाबाद 68 रन) के अर्द्धशतकों से यह लक्ष्य 46.3 ओवर में 4 विकेट पर 285 रन बनाकर हासिल कर लिया। इससे पहले भारतीय टीम की शुरूआत खराब रही थी। शैफाली वर्मा महज 1 रन बनाकर पवेलियन लौट गई। इसके बाद ऋचा घोष 21 तो कप्तान हरमनप्रीत कौर 9 रन बनाकर आऊट हो गईं। यस्तिका भाटिया 64 गेंदों पर 49 तो जेमिमा रोड्रिग्ज ने 77 गेंदों पर 82 रन बनाकर स्कोर मजबूत किया। जेमिमा ने दीप्ति के 21 तो अमनजोत के 20 रन पर आऊट होने के बाद पूजा वस्तकार के साथ मिलकर स्कोर आगे बढ़ाया। पूजा ने 46 गेंदों पर 7 चौके और 2 छक्कों की मदद से 62 रन बनाए और स्कोर 282 रन पर ला खड़ा किया। जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरूआत खराब रही। पहली ही ओवर में रेणुका ठाकुर सिंह ने कप्तान एलिसा हेली को पवेलियन की राह दिखा दी। लेकिन इसके बाद लिचफील्ड और एलिसा पेरी ने मजबूत साझेदारी की। लिचफील्ड ने 89 गेंदों पर 78 तो एलिसा ने 75 रन बनाए। मध्यक्रम में बेथ मूनी ने 47 गेंदों पर 42 तो ताहिला मैकग्रा ने 55 गेंदों पर 68 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी। दोनों टीमों के बीच तीन वनडे मैचों की सीरीज होनी है। आगामी मुकाबला 30 दिसंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में होगा।

## अफगानिस्तान टी-20 सीरीज के लिए टीम इंडिया का ऐलान जल्द

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारतीय टीम नए साल में अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज खेलेगी। भारत की मेजबानी में ये सीरीज 3 टी-20 मैचों की होगी। सबसे अहम बात ये है कि आईसीसी टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारत के लिए ये आखिरी टी-20 सीरीज होगी, जिसका पहला मुकाबला 11 जनवरी से मोहाली में खेला जाएगा। इस सीरीज के लिए टीम इंडिया की घोषणा जनवरी के पहले सप्ताह में हो सकती है। हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव के चोटिल होने की वजह से इस सीरीज के लिए भारतीय सेलेक्टार्स रोहित शर्मा को कप्तानी सौंप सकते हैं। रोहित शर्मा टी-20 वर्ल्ड, कप 2022 के बाद से अब तक एक टी-20 मैच नहीं खेले हैं। बीसीसीआई के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा है कि ये पूरी तरह से सेलेक्टर्स पर निर्भर है कि वे अफगानिस्तान के खिलाफ टी-20 सीरीज में टीम की कमान किसको सौंपते हैं। अधिकारी ने यह भी कहा कि रोहित शर्मा से टी-20 टीम की कप्तानी को लेकर बात हुई है। वह इसके लिए तैयार भी हैं। हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज महत्वीपूर्ण है। इसलिए चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर खुद रोहित शर्मा से बातचीत के बाद उनके टी-20 में लौटने पर फैसला लेंगे।

### इंदौर में भारत-अफगानिस्तान टी-20 मैच का सबसे सस्ता टिकट 743 रुपए का

**इंदौर ( एजेंसी )।** भारत और अफगानिस्तान के बीच आगामी 14 जनवरी को इंदौर में खेले जाने वाले टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच के निचले ईस्ट स्टैंड के सबसे सस्ते टिकट के लिए दर्शकों को 743 रुपए खर्च करने होंगे, जबकि पहली मंजिल स्थित साउथ पवेलियन के सबसे महंगे टिकट के लिए 5,947 रुपए देने होंगे। मध्यप्रदेश क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) के एक अधिकारी ने टिकट दरों की घोषणा के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि करीब 28,000 दर्शकों की क्षमता वाले स्थानीय होलकर स्टेडियम में अफगानिस्तान पहली बार कोई मैच खेलेगा। अधिकारी ने बताया कि भारत-अफगानिस्तान टी-20 मैच के टिकटों की ऑनलाइन बिक्री 30 दिसंबर को सुबह छह बजे से शुरू होगी। भारत और अफगानिस्तान के बीच तीन टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज 11 जनवरी से शुरू होकर 17 जनवरी को खत्म होगी। ये मैच क्रमश- मोहाली, इंदौर और बेंगलुरु में खेले जाने हैं।

## डब्ल्यूएफआई को निलंबित करने में उचित प्रक्रिया का पालन नहीं, अदालत में चुनौती देंगे : संजय सिंह

**नई दिल्ली ( एजेंसी )। भारतीय कुश्ती महासंघ ( डब्ल्यूएफआई ) के निलंबित अध्यक्ष संजय सिंह ने गुरुवार को कहा कि खेल मंत्रालय ने कुश्ती की राष्ट्रीय संस्था को निलंबित करते समय उचित प्रक्रिया का पालन नहीं किया और वे सरकार के इस फैसले को अदालत में चुनौती देंगे।**



दरअसल, खेल मंत्रालय ने रविवार को डब्ल्यूएफआई को चुनाव के तीन दिन बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष संजय सिंह को निलंबित कर दिया था कि उसने अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप की घोषणा समेत कुछ फैसले करने में अपने ही संविधान का उल्लघंन किया था। संजय सिंह ने हालांकि कहा कि सरकार डब्ल्यूएफआई का पक्ष सुने बिना उनकी स्वायत्त और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गयी संस्था को निलंबित नहीं कर सकती। संजय ने पीटीआई से कहा, ''हमने लोकतांत्रिक तरीके से डब्ल्यूएफआई के चुनाव जीते। जम्मू कश्मीर उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त प्रधान न्यायाधीश निर्वाचन अधिकारी थे, इसमें भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और यूनाईटेड विश्व कुश्ती (यूडब्ल्यूडब्ल्यू) के भी पर्यवेक्षक थे। चुनावों में 22 राज्य इकाईयों (25 राज्य संघ में से तीन अनुपस्थित थे) ने हिस्सा लिया था, 47 वोट मिले थे जिसमें से मुझे 40 मिले थे। उन्होंने आगे कहा कि इसके बावजूद अगर हमें निलंबित कर दिया जाता है तो हम इसे स्वीकार नहीं करेंगे।



## वार्नर ने एमसीजी को दी विदाई, स्टैंड में युवा प्रशंसक को दिया गिफ्ट

**मेलबर्न ( एजेंसी )।** अनुभवी ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर ने टेस्ट क्रिकेट में असाधारण करियर के बाद प्रसिद्ध मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) को अलविदा कह दिया। वार्नर ने घोषणा की थी कि वह पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने अपने शानदार करियर में जितने रन बनाए हैं, उससे निस्संदेह उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट पर बहुत बड़ा प्रभाव छोड़ा है। दूसरे टेस्ट की दूसरी पारी में 16 गेंदों में छह रन बनाने के बाद वार्नर ने प्रतिष्ठित स्टेडियम में भीड़ से विदाई ली और एक युवा प्रशंसक को अपने दस्ताने भी उपहार में दिए। जैसे ही स्टार बल्लेबाज ने विदा ली, भीड़ महान बल्लेबाज के सम्मान में अपने पैरों पर खड़ी हो गई। श्रृंखला में एक टेस्ट मैच बचा हुआ है। वार्नर अपने अंतिम टेस्ट में यादगार प्रदर्शन करने और दर्शकों को पुरानी यादों में ले जाने के लिए उत्सुक होंगे। वार्नर की एमसीजी से विदाई की क्लिप क्रिकेट.कॉम.एयू ने अपने एक्स हैंडल (पहले ट्विटर) पर साझा की। उन्होंने पोस्ट को कैप्शन दिया, उस मैदान पर जहां उन्होंने 912 टेस्ट रन बनाए और अपना टी-20आई डेब्यू किया, डेविड वार्नर ने आखिरी बार एमसीजी को ऑस्ट्रेलिया-पाकिस्तान से विदाई दी।